10-02-2023 Regarding Connection Sohagra Dham with Ramayana Circuit under Swadesh Dharshan Yojana and other Spots in developing adjacent areas as Tourist Spot. SPECIAL MENTION (ZERO HOUR) Kushawaha, Shri Ravindra Pilgrimage

माननीय अध्यक्ष : श्री मारगनी भरत - उपस्थित नहीं।

श्री बृजेन्द्र सिंह - उपस्थित नहीं।

श्री रविन्दर कुशवाहा ।

Title: Regarding Connection Sohagra Dham with Ramayana Circuit under Swadesh Dharshan Yojana and other Spots in developing adjacent areas as Tourist Spot.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने के लिए मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सलेमपुर पर्यटन की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है, जबकि यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से होकर राम-जानकी पथ गुजरता है, जो रामायण सर्किट का हिस्सा है। राम-जानकी पथ से केवल 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सोहागरा धाम में एक पौराणिक शिव मन्दिर है, जहां पर जनकपुर से अयोध्या जाते समय माता सीता ने महादेव शिव जी की पूजा-अर्चना की थी।

16.45 hrs (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

इस पौराणिक मन्दिर को रामायण सर्किट से नहीं जोड़ा गया है, जिसके बिना रामायण सर्किट अधूरा है। सोहागरा धाम से सटा हुआ, श्री दिग्देश्वरनाथ धाम है, सोहनाग धाम है और मइल चौराहा पर विश्व प्रसिद्ध सन्त महर्षि देवरहवा बाबा का आश्रम है। मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के बलिया में महान ऋषि, भृगु संहिता के रचयिता महर्षि भृगु का आश्रम है। बिहार की सीमा से लगे सोहनपुर में श्री राम-जानकी मन्दिर और एक विशाल तालाब है, जिसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की आवश्यकता है। इन स्थानों को विकसित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने हर संभव प्रयास किया है, लेकिन अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

अत: मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत सोहागरा धाम को रामायण सर्किट से जोड़ने और सोहनाग धाम, दिग्देश्वरनाथ धाम, देवरहवा बाबा आश्रम, मइल, श्री राम-जानकी मन्दिर, सोहनपुर और महर्षि भृगु आश्रम, बलिया को विकसित करने की कृपा करें। धन्यवाद ।